गोलमाल | गुणवत्ताहीन सामग्री व मानकों के विपरीत किया जा रहा बांध की प्रोटेक्शन वॉल का कार्य

भ्रष्टाचार की चाशनी में डूबे जल निगम के अधिकारी

नवभारत, पथरिया 28 अप्रैल। दमोह जिले की पथरिया ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत सीता नगर की सुनार नदी पर सिंचाई परियोजना, जिसकी लागत करीब 518 करोड़ रुपए थी एवं इसके अलावा बांध के लिए और भी राशि बढ़ाई गई थी, लेकिन जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने भ्रष्टाचार कर अधिक मुनाफा कमाने के लालच में बांध से जुड़ी सुरक्षा वॉल के लिए भी करीब 12 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत करवा ली।

बांध निर्माण प्रारंभ से लेकर नदी के दोनों ओर प्रोटेक्शन वॉल निर्माण में गुणवत्ताहीन सामग्री व मानकों के विपरीत कार्य कर विभाग के अधिकारियों द्वारा जमकर भ्रष्टाचार किया गया था।

लैब परीक्षण में सामग्री घटिया पायी गई

कार्यस्थल पर बने लैब टेस्ट की कुछ मशीनें भी खराब स्थिति में मिलीं। कार्यस्थल के चारों ओर रखी घटिया सामग्री रखी हुई है। निर्माण एजेंसी के कर्मचारियों से जब मीडिया द्वारा जांच करने को कहा गया तो लैब परीक्षण में अनुपयुक्त निकली। निर्माण एजेंसी के कर्मचारियों द्वारा उस सामग्री को रिजेक्ट करने की बात कही गई, लेकिन सूत्रों की माने तो लंबे समय से स्तरहीन सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। उक्त मामले में सीता नगर के लखन पटेल सचिन पटेल मानक, बबलू द्वारा शासन से निष्पक्ष जांच की गुहार लगाई जा रही है।

नल-जल योजना में हो रहा खेल

बांध स्थल के समीप व अन्य जगहों पर जल निगम द्वारा नल जल योजना का कार्य प्रगति पर है। पेयजल सप्लाई करने के लिए करोड़ों रुपए की लागत से बड़े वॉटर फिल्टर का निर्माण कार्य चल रहा है, जिसमें जल निगम के अधिकारी भी भ्रष्टाचार करने में कहा पीछे रहने वाले थे। इसलिए निर्माण एजेंसी से घटिया सामग्री का उपयोग करवा रहे है और जिम्मेदार उपमंत्री व अन्य नियुक्त अधिकारी नदारद है।

युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, 6 माह पहले हुआ था बेटा

नवभारत, दमोह. सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के असाटी वार्ड-1 में रहने वाले एक युवक ने मंगलवार शाम शराब के नशे में घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. परिजनों ने जब उसे फंदे पर लटका हुआ देखा और तत्काल पुलिस को सूचित किया मौके पर कोतवाली से एएसआई साहब सिंह सहित पुलिस और 112 डायल पहुंची.तो उसे नीचे उतार कर जिला अस्पताल लेकर आए. जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है. शव को अस्पताल की मर्चुरी में रखा गया है. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरू कर दी है.मृतक का 6 महीने का बेटा है वहीं पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल है. मृतक की पहचानसौरभ पिता लीलाधर असाटी 32 निवासी असाटी वार्ड एक के रूप में हुई है.मृतक के भाई गौरव असाटी ने बताया कि उनका भाई पिछले 6 साल से कच्ची शराब का सेवन कर रहा था. मंगलवार शाम करीब 4रू30 बजे शराब पीकर आया उस समय घर के लोग मौजूद थे. वह अपने कमरे में गया और दरवाजे लगाकर फांसी के फंदे पर झूल गया.जब हम लोगों ने उसे फंदे पर लटका हुआ देखा, तो दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे और फंदे से नीचे उतार कर जिला अस्पताल लेकर आए. जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है.भाई ने बताया कि 6 महीने पहले ही उसके यहां बेटा हुआ था. वहीं पत्नी का रो रो कर बुरा हाल है.मृतक के भाई गौरव ने आरोप लगाते हुए कहा कि पॉलिटेक्निक कॉलेज के सामने कच्ची शराब मिलती है. एक महिला यहां कच्ची शराब बनाकर बेचती है.

पुलिस के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती .कुछ दिन पहले ही एक युवक की इसी कच्ची शराब के चलते मौत हुई है .कई परिवार बर्बाद हो रहे हैं .मृतक ऑनलाइन की दुकान पर अपने भाई के साथ बैठता था, लेकिन शराब की लत लगने के कारण पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरू कर दी है .

आंधी-तूफान व ओलावृष्टि से दीवार गिरने पर महिला की मौत

नवभारत,हटा/दमोह .पुलिस अनुभाग हटा अंतर्गत ग्राम महुआखेड़ा में सोमबार शाम अचानक मौसम ने करवट ली .जिससे तेज आंधी-तूफान और ओलावृष्टि शुरू हो गई .इसी दौरान घर में बैठी 48 वर्षीय महिला रागिनी पटेरिया के ऊपर अचानक दीवार गिर गई घटना के बाद उनके पति राजेश पटेरिया व ग्रामवासियों की मदद से महिला को तत्काल बाहर निकाला गया और उपचार के लिए हटा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया .

नूरी नगर में संदिग्ध हालत में मिला वृद्ध महिला का शव,जांच में जुटी पुलिस

नवभारत,दमोह. सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के बजरिया 8 नूरी नगर इलाके में 60 वर्षीय वृद्ध महिला का शव मंगलवार सुबह संदिग्ध अवस्था में मिला है.वार्ड पार्षद हिना खान के द्वारा जब शव को देखा तो पुलिस को जानकारी दी.कोतवाली टीआई मनीष कुमार और सीएसपी एचआर पांडे मौके पर पहुंचे और पड़ोसियों से जानकारी ली.पुलिस के द्वारा कमरे को सील कर दिया गया है और सागर से एफएसएल प्रभारी डॉ आरसी अहिरवार और टीम बुलाई

गई है. पुलिस के द्वारा मौत संदिग्ध है जांच के बाद ही सही कारण पता चलेगा. जानकारी देते हुए वार्ड की पार्षद हिना खान ने बताया कि उनके क्षेत्र में पिछले 2 सालों से 60 वर्षीय महिला शरीफन बी किराए के मकान में रहती थी. वह बीड़ी बनाकर अपना गुजर बसर करती थी.मंगलवार सुबह दरवाजे खुले थे और वह अंदर पड़ी हुई थी. उन्हें वार्ड के लोगों ने सूचना दी जब वह कमरे के अंदर पहुंची तो वृद्ध महिला मृत अवस्था में पड़ी थी उनके कपड़े भी अस्त व्यस्त थे. इसके बाद उन्होंने तत्काल कोतवाली पुलिस को सूचना दी है. जानकारी देते हुए सीएसपी एचआर पांडे ने बताया सीता बावड़ी रोड पर मुजीब खान के मकान में 60 वर्षीय शरीफन बी रहती थी.इनके पति की 12 साल पहले मौत हो चुकी है उनकी ससुराल बंडा क्षेत्र के बरा में थी. वह 10 साल से दमोह में अपने मायके में रहती थी. कुछ साल से मुजीब खान के मकान में अकेली किराए से रहती थी.वार्ड पार्षद हिना खान का फोन आया कि कमरे में एक महिला का शव संदिग्ध अवस्था में मृत हालत में पड़ा है. सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस और वह मौके पर पहुंचे.महिला का शव संदिग्ध अवस्था में मिला है.सागर से एफएसएल प्रभारी, फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट रूबी चौहान,डॉग स्क्वाड और टीम पहुंची.जांच के बाद ही कुछ कारण पता चलेगा.अभी कमरे को सील कर दिया गया है. पोस्टमार्टम के बाद मौत का सही कारण पता चलेगा.

लापता वृद्ध का शव नदी किनारे मिला, बेटे ने इंदौर तक में की थी पिता की खोज

नवभारत,दमोह. देहात थाना क्षेत्र की नरसिंहगढ़ चौकी अंतर्गत सुनार नदी किनारे मंगलवार दोपहर सात दिन से लापता एक वृद्ध का शव मिला है.जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची. पहले वृद्ध की कोई शिनाख्त नहीं हो पा रही थी.क्योंकि जानवरों ने व मछलियों ने चेहरा खा लिया था. पुलिस ने आसपास जानकारी जुटाई. शिनाख्त होने के बाद परिजनों को सूचित किया.शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है. मृतक की पहचान मदन कुर्मी 67

वह पुलिस स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे .

मृतक का शव बुरी हालत में था .मछलियों ने उसका चेहरा खा लिया था तो वही जानवर भी शरीर को काफी छत विक्षत कर चुके थे .चौकी प्रभारी ने आसपास जानकारी जुटाई .मृतक के परिजन भी पहुंचे उन्होंने कपड़ों से पहचान की .पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मर्ग कायम कर मामले में जांच की जा रही है . घटना का कारण अज्ञात है पुलिस भी इस बात की जानकारी जुटा रही है कि वृद्ध फुटेरा कला गांव का रहने वाला है तो वह नरसिंहगढ़ में सुनार नदी के पास क्यों आया था .

निवासी फुटेरा कलां थाना बटियागढ़ के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार मदन कुर्मी फुटेरा गांव में ही एक किराने की दुकान पर काम करते थे.एक सप्ताह पूर्व वह अचानक लापता हो गए.बेटे उमेश ने उनकी खोजबीन की और जब कोई सुराग नहीं लगा तब थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई.इस दौरान इंदौर में भी उसने संपर्क किया तो कुछ लोगों ने कहा कि उसके पिता नौकरी के लिए आए थे. वह इंदौर भी पहुंचा लेकिन पिता की कोई जानकारी नहीं लगी तो वह वापस आ गया.

पूर्व केंद्रीय मंत्री अरूण यादव व लखन घनघोरिया का आगमन आज

नवभारत,दमोह . जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मानक पटेल ने जिले के समस्त ब्लाक अध्यक्षों मोर्चा संगठनों, कांग्रेस सेवादल,महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एन.एस.यू.आई समस्त प्रकोष्ठों विभागों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया है कि दिनांक 29अप्रैल 2026 बुधवार को पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरूण यादव, म.प्र. के पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया का जबलपुर से दमोह आगमन हो रहा है ।वह सुबह 11बजें जबलपुर नाका मुख्य रोड स्थित नवीन कांग्रेस कार्यालय सुखसागर रेस्ट्रोरेंट के पास पूजन अर्चन पश्चात् जिले के वरिष्ठ कांग्रेसियों की उपस्थिति में उदघाटन करेगे व कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। तत्पश्चात् दोपहर 1 बजे महिला आरक्षण संबंधी बिल को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करेगे।

क्रांतिनायक राजा हिरदेशाह लोधी की जीवनी अब स्कूल पाठ्यक्रम का बनेगी हिस्सा

राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के आग्रह पर मुख्यमंत्री ने की घोषणा

नवभारत, दमोह । राजधानी भोपाल का जम्बूरी मैदान राष्ट्रभक्ति और शौर्य के गौरवशाली इतिहास का साक्षी बना। नर्मदा टाइगर के नाम से विख्यात, 1842 की क्रांति के महानायक राजा हिरदेशाह लोधी की 168वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित शौर्य यात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव उपस्थित रहे।

इतिहास के विस्मृत पन्नों को मिलेगी नई पहचान

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास व धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र

प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी ने राजा हिरदेशाह जी के बलिदान को याद किया। उन्होंने भावुक और ओजस्वी स्वर में मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि जिस महानायक ने 1857 की क्रांति से भी 15 वर्ष पूर्व अंग्रेजों की चूलें हिला दी थीं,उनकी शौर्य गाथा आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचना अनिवार्य है। अत:उनकी जीवनी को विद्यालयी पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री की बड़ी घोषणाएं

राज्यमंत्री श्री लोधी के इस प्रस्ताव को मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। मुख्यमंत्री ने मंच से घोषणा की कि राजा हिरदेशाह लोधी की जीवनी पर गहन शोध कराया जाएगा और उसे स्कूल के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा ताकि युवा पीढ़ी अपनी जड़ों और वास्तविक नायकों से परिचित हो सके।

साथ ही,उन्होंने राजा साहब की जन्मस्थली हीरापुर को एक भव्य पर्यटन और ऐतिहासिक केंद्र के रूप में विकसित करने का भी संकल्प दोहराया ।इस अवसर पर पूज्य दादा गुरुजी का सानिध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री विजय शाह, पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, विभिन्न जन-प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे ।मंत्री श्री लोधी ने अपने संबोधन का समापन अटल जी की पंक्तियों से किया, जिससे पूरा मैदान भारत माता की जय और राजा हिरदेशाह अमर रहें के नारों से गुंजायमान हो उठा।

नोहटा पुलिस द्वारा ओवरलोड रेत परिवहन पर कार्यवाही

नवभारत,दमोह . पुलिस अधीक्षक व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा लगातार अवैध रेत परिवहन/ओवरलोड रेत परिवहन पर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था. जिसके पालन मे ओवरलोड रेत से भरे ट्रक क्रमांक एमपी 34 जीएफ6660 को जप्त कर अग्रिम कार्यवाही हेतु खनिज शाखा दमोह को प्रकरण भेजा गया है .

नोहटा पुलिस ने 24 घंटे में किया हत्या के आरोपी को गिरफ्तार

नवभारत,दमोह . 26 अप्रैल को प्रार्थिया कु .सुषमा पिता चन्नू रैकवार उम्र 19 साल निवासी ग्राम रौंड़ थाना नोहटा द्वारा रिपोर्ट लेख कराई गई कि उसके पिता चन्नू रैकवार पिता कन्छेदी रैकवार उम्र 51 साल निवासी ग्राम रौड़ को रामजी रैकवार द्वारा मारपीट की गई है .जिससे मेरे पिता चन्नू रैकवार की मृत्यु हो गई है .रिपोर्ट पर थाना नोहटा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया .पुलिस अधीक्षक दमोह व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दमोह के मार्गदर्शन व एसडीओपी तेन्दूखेड़ा के निर्देशन में थाना नोहटा पुलिस द्वारा प्रकरण पंजीबद्ध होते ही आरोपी के तलाश के हरसंभव प्रयास किये . जिसके परिणामस्वरूप आरोपी रामजी पिता रामकुमार रैकवार उम्र 28 साल निवासी ग्राम रौड़ थाना नोहटा को 26 अप्रैल 2026 को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया .आरोपी को दस्तयाब करने में उनि अभिषेक पटैल थाना प्रभारी नोहटा, सउनि माधव प्रसाद राय, सउनि नागेंद्र सिंह परिहार, प्रधान आरक्षक जितेन्द्र, प्रआर . प्रवीण,प्रआर दीपक, प्रआर प्रदीप तिवारी, प्रआर कामता, आर . रविकांत अग्निहोत्री आर .तुलसीराम,आर .सुनील,आर .कुलदीप की महत्वपूर्ण भूमिका रही .

एक नजर में

असाटी महिला समाज द्वारा सुंदरकांड का आयोजन

नवभारत,दमोह। वैशाख माह के पावन पर्व पर मंगलवार को संस्कार भवन में श्रीमती नीता/मुकेश असाटी (मौसी पुरा) वालों के द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया .कार्यक्रम का शुभारंभ राम दरबार की पूजा करके सुंदरकांड का गान किया गया .समस्त पदाधिकारी गण संरक्षक मंडल मार्ग दर्शक मंडल के सभी सदस्यों के साथ-साथ समाज की अधिक संख्या में बहनों की भरपूर उपस्थित रही . सभी बहनों ने मिलकर पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की . इसके बाद सामूहिक आरती के साथ सभी ने वैशाख माह की पवित्रता को ध्यान में रखते हुए सुंदर-सुंदर भजनों का गायन किया .जिससे माहौल भक्तिमय व आनंदमय बन गया .वहीं आयोजक द्वारा समाज सभी बहनों को प्रसाद वितरित कर जलपान कर कार्यक्रम का सफल समापन किया .

मेगा टेक्निकल क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

नवभारत,दमोह . माधवराव सप्रे शासकीय महाविद्यालय पथरिया में दिनांक 28 अप्रैल 2026 को मानक क्लब के अंतर्गत मेगा टेक्निकल क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया . जिसमें मानक क्लब के पंजीकृत विद्यार्थियों ने सहभागिता की .प्रतियोगिता में छात्र आदित्य विश्वकर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर छात्र प्रियांश जैन व जया परिहार संयुक्त रूप से रहे .तृतीय स्थान पर छात्रा रुचि कुर्मी व छात्र गोपाल कृष्ण यादव रहे .छात्रा नम्रता सोनी, मोनिका चौधरी व चांदनी पटेल को सांत्वना पुरस्कार दिया गया . प्रतियोगिता प्राचार्य डॉ विनय कुमार वर्मा, मानक क्लब प्रभारी डॉक्टर चिन्मय सेन व डॉ देवेश अहिरवार, डॉ .हरिओम सोनी, डॉ .किरण सिंह,डॉ .व्ही .के . पुष्कर डॉक्टर नेहा कोष्टी सहित प्रतिभागी विद्यार्थियों की उपस्थिति में संपन्न हुई .

आज कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का होगा शुभारंभ

नवभारत,हटा/दमोह . उपकाशी हटा नगर में वैशाख मास के पावन पुनीत पर अवसर पर सुनार नदी के तट पर स्थित सर्व ब्राह्मण धर्मशाला में सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवतकथा का आयोजन नगर के सुभाष वार्ड निवासी कथा श्रोता श्रीमति विमला पुरुषोत्तम पन्या द्वारा आयोजित की जा रही है .श्रीमद् भागवत कथा का वाचन आज 29 अप्रैल बुधवार से 5 मई मंगलवार पंडित कथा व्यास वीरेंद्र शास्त्री द्वारा अपनी अमृतमय वाणी से कराई जावेगी .जिसका शुभारंभ आज कलश यात्रा से होगा .कलश यात्रा मां चंडी जी मंदिर से शाम 4 बजे प्रारंभ होगी .जो बंसी सागर रतन बजरिया बालाजी मंदिर से होते हुए सर्व ब्राह्मण धर्मशाला कथा स्थल पहुंचेगी .जहां कलश पूजन के साथ कथा का शुभारंभ होगा .पन्या परिवार द्वारा नगर के सभी धर्म प्रेमी श्रद्धालुओ से कथा श्रवण करने की अपील की गई है .

जैन मिलन स्थापना दिवस पर दमोह में आयोजन 2 मई को

नवभारत,दमोह . जैन मिलन दमोह द्वारा भारतीय जैन मिलन के स्थापना दिवस पर 2मई,शनिवार को सिंघई रेसिडेंसी में भव्य व गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा .कार्यक्रम में सम्मान समारोह,शपथग्रहण,मार्गदर्शन सत्र एवं कार्यशाला जैसे विविध आयोजन होंगे,जो संगठन, सेवा और संस्कार का संदेश देंगे .आयोजन में जैन मिलन की विभिन्न शाखाओं को एक मंच पर लाकर समन्वय और समाज सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया जाएगा .इस अवसर पर जैन पत्रकारों, संस्थापक सदस्यों, वीरांगनाओं, जैन डॉक्टरों एवं गौसेवकों का सम्मान किया जाएगा .साथ ही महिला जैन मिलन की विभिन्न शाखाओं व वरिष्ठ शाखा का शपथग्रहण समारोह भी संपन्न होगा .

सीतानगर जलाशय में असामाजिक तत्वों ने जहरीले पदार्थ मिलाकर मारी मछलियां

नवभारत, दमोह. ग्रामीण जिला रायकवार माझी समाज ने कलेक्टर दमोह व पुलिस अधीक्षक दमोह के नाम ज्ञापन सौंपकर बताया है कि सीतानगर जलाशय क्षेत्र में मत्स्य पालन नीति 2008 के तहत संगम मत्स्य उद्योग सहकारी समिति सीतानगर का पंजीयन सिंचाई विभाग दमोह, सहायक पंजीयक कार्यालय दमोह,सहायक संचालक मत्स्य उद्योग विभाग के द्वारा कलेक्टर दमोह की अनुशंसा पर वंशानुगत रैकवार समाज के अलावा, एससी एसटी समाज के सदस्यों की संगम मछुआ सहकारी समिति का गठन किया गया है.27/04/2026 की रात्रि में संगम मत्स्य उद्योग सहकारी समिति सीतानगर समिति के लिए नुकसान पहुंचाने हेतु जलाशय में जहरीला पदार्थ डालकर लाखों रूपए की मछलियां मारकर गरीब मछुआरे के लिए लाखों रूपए का नुक्सान पहुंचाया है. विगत

वर्ष हमारी समिति का पंजीयन सहायक पंजीयक कार्यालय दमोह से किया गया है. जबकि सहायक पंजीयक दमोह के द्वारा लिखित में भी बताया गया है.कि सीतानगर जलाशय क्षेत्र में मडकोलेश्वर मछुआ सहकारी समिति सीतानगर के नाम से कोई मछुआ सहकारी समिति का पंजीयन नहीं है.लेकिन कुछ ऐसे लोग जो समिति में भी नहीं है उनके द्वारा सीतानगर जलाशय में चोरी से मछलियां पकड़ने का काम किया जा रहा है.जहरीले पदार्थ डालकर मछलियां मारकर नुकसान पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है.इसके अलावा जलाशय में करेंट और डायनामाइट घालकर मछलियां पकड़ने का काम किया जा रहा है. उनके लिए हमारी समिति के सदस्यों द्वारा यदि मना किया जाता है तो वह गंदी गंदी गालियां देकर जान से मारने की धमकियां देते हैं. जिससे आयें दिन विवाद के हालात उत्पन्न होने लगते हैं.सीतानगर जलाशय क्षेत्र में पंजीकृत मछुआ सहकारी समिति संगम मत्स्य उद्योग सहकारी समिति सीतानगर विकासखण्ड पथरिया जिला दमोह की समिति अध्यक्ष लखन लाल रैकवार के नाम से पंजीकृत हैं. सहायक पंजीयक कार्यालय दमोह के सहायक पंजीयक ने भी एक पत्र जारी कर स्पष्ट कर दिया है कि सीतानगर जलाशय क्षेत्र में मडकोलेश्वर मछुआ सहकारी समिति के नाम से आई.सी.एम.आई.एस. पोर्टल पर समिति के गठन के लिए ना तो आवेदन किया गया है और ना ही मडकोलेश्वर मछुआ सहकारी समिति सीतानगर के नाम से कोई समिति पंजीकृत नहीं है.जबकि सीतानगर जलाशय क्षेत्र में संगम मत्स्य उद्योग सहकारी समिति पंजीकृत हैं. उक्त समिति के सदस्यों को परेशान करने की नियत से लगातार परेशान किया जा रहा है. जबकि भोपाल रजिस्टार के द्वारा स्टे आर्डर दिया गया है और स्पष्ट किया गया .

सीतानगर जलाशय क्षेत्र में संगम मत्स्य उद्योग सहकारी समिति सीतानगर विकासखण्ड पथरिया जिला दमोह के नाम से पंजीकृत हैं और मत्स्य पालन एवं मछली पकड़ने का अधिकार केवल संगम मत्स्य उद्योग सहकारी समिति सीतानगर विकासखण्ड पथरिया जिला दमोह का है . इसके अलावा अन्य लोगों के द्वारा जो मछली चोरी की जा रही है उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की कृपा करें .जिससे की गरीब मछुआरों का नुक्सान हो .यदि कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामीण माझी समाज उग्र प्रदर्शन करने मजबूर होगी .इस दौरान ग्रामीण रायकवार माझी समाज के जिला अध्यक्ष मोंटी रैकवार, डालचंद रायकवार, लक्खू रायकवार,अशोक पटेल,अंकित माझी, लच्छू रैकवार सहित प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे .

हादसा | ऑटो आग में जलकर हुआ खाक

जबलपुर से कूलर लेकर आ रहे ऑटो में लगी आग

नवभारत,दमोह. जबलपुर स्टेट हाईवे पर मंगलवार शाम करीब 6 बजे अभाना के पास मुठिया तिराहे पर कूलर लेकर आ रहे एक ऑटो अचानक आग लग गई.जिसके बाद चालक ने बाहर आकर अपनी जान बचाई और कुछ ही पलों में ऑटो आग का गोला बन गया. मौके पर अफरा-तफरी मच गई. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ऑटो जबलपुर से दमोह की ओर जा रहा था और उसमें 20 से अधिक कूलर लोड थे. मुठिया तिराहे के पास पहुंचते ही अचानक ऑटो में आग लग गई.आग ने देखते ही देखते पूरे ऑटो को अपनी चपेट में ले लिया 17 कूलर सहित पूरा ऑटो जलकर खाक हो गया.घटना के दौरान हाईवे पर यातायात जारी रहा. राहत की बात यह रही कि आग की

चपेट में आने के बावजूद ऑटो के टायर नहीं फटे, वरना बड़ा विस्फोट हो सकता था. नोहटा थाना प्रभारी अभिषेक पटेल ने बताया कि सूचना मिलते ही डायल 112 टीम को मौके पर भेजा गया.फिलहाल किसी के घायल होने की सूचना नहीं है और यातायात भी पूरी तरह बाधित नहीं हुआ.ऑटो चालक के थाने पहुंचने के बाद घटना की विस्तृत जानकारी लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी.प्राथमिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि ऑटो के नीचे लगा इंजन गर्म हो गया. जिससे आग लगी ने क आग लगी और पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया.थाना प्रभारी अभिषेक पटेल ने बताया कि इस आगजनी में पूरे कूलर जलकर खाक हो गए. केवल दो या तीन ही बचे थे. अभी कोई भी पीड़ित थाने नहीं पहुंचा है. जैसे ही कोई व्यक्ति शिकायत दर्ज करने आएगा पता चल जाएगा कि किसका ऑटो था और किसका माल लेकर ऑटो चालक जा रहा था.

कुसमी-मानगढ़ के पास भीषण सड़क हादसा, खड़ी बस से बाइक टकराई, चाचा-भतीजी की मौत, मां गंभीर

नवभारत,जबेरा/दमोह . जिले के गुबरादूमझौली रोड पर मंगलवार दोपहर कुसमी मानगढ़ के पास हुए भीषण सड़क हादसे में एक मासूम बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि इलाज के दौरान चाचा ने भी दम तोड़ दिया .वहीं बच्ची की मां की हालत गंभीर बनी हुई है,जिनका इलाज जबलपुर के निजी अस्पताल में जारी है .प्राप्त जानकारी के अनुसार धनवाही मझौली निवासी विमल रजक अपनी भतीजी साक्षी रजक (14 वर्ष) और भाभी निशा रजक के साथ सागर बंडा में एक शादी समारोह से लौटकर अपने गांव धनवाही मझौली जा रहे थे .इसी दौरान कुसमी मानगढ़ के पास उनकी बाइक सड़क किनारे खड़ी बस से जा टकराई .हादसा इतना भीषण था कि 14 वर्षीय साक्षी रजक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई . गंभीर रूप से घायल विमल रजक और निशा रजक को तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से कटंगी और फिर जबलपुर रेफर किया गया .दुर्भाग्यवश उपचार के दौरान विमल रजक ने भी दम तोड़ दिया, जबकि निशा रजक की हालत गंभीर बनी हुई है और उनका इलाज जारी है .घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक रामगोपाल यादव व आरक्षक शैलेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे .

दमोह मार्ग पर सड़क हादसा, खड़े ट्रक से टकराया शिक्षक, हालत गंभीर

नवभारत,पटेरा/दमोह . जिले के पटेरा-दमोह मार्ग पर स्थित बमनपुरा गांव के पास एक सड़क हादसे में 42 वर्षीय शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए .हादसा उस समय हुआ जब वे बाइक से अपने गांव लौट रहे थे .प्राप्त जानकारी के अनुसार, रघुवीर आदिवासी (42 वर्ष), पिता उम्मेद आदिवासी, निवासी महूना, सोमवार को पटेरा से अपने गांव वापस जा रहे थे .बताया जा रहा है कि वे शराब के नशे में बाइक चला रहे थे . इसी दौरान बमनपुरा के पास सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से उनकी बाइक जा टकराई, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए .हादसे के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने तुरंत मदद के लिए पुलिस के डायल 112 और एम्बुलेंस 108 को सूचना दी .